जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म0प्र0)

दिनांक : 18/11/2017

कार्य–विवरण

प्रदेश के गैर अनुदान प्राप्त (अशासकीय) महाविद्यालयों में दिनांक 20 नवम्बर, 2017 से छात्रसंघ निर्वाचन प्रक्रिया के पालन में कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु पदाधिकारियों की बैठक आज दिनांक 18/11/2017 को कुलसचिव कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में पदाधिकारियों की उपस्थिति निम्नानुसार रहीः–

1) डॉ0 सरोज मोदी, क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उ0शि0विभाग
2) डॉ0 आनन्द मिश्रा, कुलसचिव, जीविवि
3) डॉ0 के0एस0 गुर्जर, अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग
4) डॉ0 राकेश कुशवाह, परीक्षा नियंत्रक, जीविवि
5) डॉ0 आई0के0 मंसूरी, उप–कुलसचिव, प्रशासन विभाग
6) संबंधित लीड महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्रतिनिधि

बैठक में प्रकरण पर गंभीरतापूर्वक विचार कर निम्नानुसार अनुशंसाऐं की गयीः–

1) निर्वाचन संबंधी कार्य अत्यन्त व्यापक एवं गंभीर प्रकृति का है जिसमें संबंधित महाविद्यालय एवं विभाग पूर्णकालिक रूप से व्यस्त रहेंगे। अतः निर्वाचन प्रक्रिया की अवधि में विश्वविद्यालय की कोई परीक्षा आयोजित नही की जाये तदनुसार विश्वविद्यालय की समस्त परीक्षाऐं दिनांक 29/11/2017 से प्रारंभ की जाये।

2) निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने हेतु संभागीय स्तर पर जीवाजी विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग को कंट्रोल रूम बनाया जाये जिसका संचालन अधिष्ठाता, छात्र कल्याण विभाग के निर्देशन में किया जावे। कंट्रोल रूम में अन्य सदस्य के रूप में प्रो0 ए0के0 श्रीवास्तव, प्रो0 आर0ए0 शर्मा, डॉ0 शान्तिदेव सिसौदिया, डॉ0 आई0के0 मंसूरी, श्री प्रदीप शर्मा एवं अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा के प्रतिनिधि रहेंगे।

3) संभागीय स्तर पर अतिरिक्त संचालक के निर्देशन में एक उप–कंट्रोल रूम स्थापित किया जाये।

4) प्रत्येक जिले में भी लीड कॉलेज के प्राचार्य के निर्देशन में भी एक–एक स्थानीय कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाये।

क्रमश...........2

5) लीड कॉलेज के प्राचार्य उनके क्षेत्राधिकार में आने वाले शासकीय महाविद्यालयों से नियमित शिक्षक का चयन कर संबंधित अशासकीय महाविद्यालयों में छात्रसंघ निर्वाचन अधिकारी नियुक्ति अतिरिक्त संचालक के माध्यम से आज ही सुनिश्चित कर अधिसूचित करेंगे। ताकि अशासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रबंधन शासन द्वारा अधिसूचित कार्यक्रमानुसार छात्रसंघ चुनाव संपन्न कराने हेतु प्रक्रिया सुनिश्चित कर सके।

6) संबंधित प्राचार्य दिनांक 20/11/2017 को अनिवार्य रूप से छात्रसंघ निर्वाचन हेतु अधिसूचना जारी करेंगे।

7) विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक लीड कॉलेज के प्राचार्य को उनके क्षेत्रान्तर्गत आने वाले गैर–अनुदानित अशासकीय महाविद्यालयों की सूची उपलब्ध करायी गई।

8) बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि, लीड कॉलेज के प्राचार्य संबंधित जिले के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर कार्यक्रम की रूपरेखा उपलब्ध करायेंगे तथा उनसे अपेक्षित सहयोग प्राप्त करेंगे।

9) लीड कॉलेज के प्राचार्य छात्रसंघ निर्वाचन अधिकारी एवं संबंधित अशासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य से संपर्क कर उनके दायित्वों से अवगत करावे।

10) यह बैठक शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 18/11/2017 को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के तीन दिवस पूर्व समीक्षा हेतु प्राथमिक व्यवस्था के रूप में संपन्न हुई।

(डॉ0 सरोज मोदी)	**(डॉ0 आनन्द मिश्रा)**
क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक	कुलसचिव
उच्च शिक्षा विभाग	जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वा0

प्रति,

1) संबंधित पदाधिकारियों की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रतिलिपि,

1) प्राचार्य, समस्त अशासकीय महाविद्यालय (गैर–अनुदानित) की ओर इस अपेक्षा के साथ कि, म0प्र0 शासन के पत्र क्रमांक 2031/2017/38–3 दिनांक 17/11/2017 के परिपालन में अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।
2) श्री संजय बरथरिया, प्रभारी आई0टी0 सैल की ओर इस निर्देश के साथ कि, उक्त कार्य–विवरण को विश्वविद्यालय की बेवसाईट पर आज दिनांक 18/11/2017 को अपलोड करें।
3) कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4) कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

(सांख्यिकीय अधिकारी)